### एक नजर में



## सदियों से चली आ रही परंपराएं जारी हैं

नवभारत,दमोह। बांदकपुर मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में नवरात्रि के पवन अवसर पर नगर कन्या भोज का आयोजन हुआ. जिसमें बांदकपुर की नगर कन्याओं को भोज हेतु आमंत्रित किया गया. जिसमें बांदकपुर के सरस्वती शिशु मंदिर, श्री जागेश्वर नाथ हाइस्कूल व शासकीय विद्यालयों व बाहर से आए श्रद्धालुओं की कन्याओं का आगमन हुआ. जहां परंपरानुसार इनके प्रथम पैर धुलकर इनको भोजन व फलाहार कराया गया. अंत में मंदिर के ब्राम्हणों द्वारा तिलक लगा कर दक्षिणा प्रदान की गई. बताया गया है कि यह परंपरा सदियों से श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में चली रही हैं.



## डीआईजी पहुंचे दमोह, नवरात्रि,दशहरा पर्व की ली जानकारी

नवभारत,दमोह। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सागर शशींद्र सिंह चौहान आज दमोह जिले के दौरे पर है. जो दमोह शहर के सर्किट हाउस पर नवरात्रि, दशहरा पर्व को लेकर जिले के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए.साथ ही पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने पौधारोपण भेंट किया.इस अवसर पर दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, देहात टीआई रचना मिश्रा, यातायात दलबीर सिंह मार्को, सूबेदार/आरआई इंचार्ज अभिनव साहू मौजूद रहे.



## आह्लाद की निशा का दूसरा नाम कालरात्रि: भगवान वेदांताचार्य

नवभारत,दमोह। अट्टहास की अभिव्यंजना का व्यक्त रूप मां कालरात्रि एक अलौकिक शक्ति है। जिसमें समाहित रूप द्विधा ज्ञान को प्रेरित करता है एक और अज्ञान रूपी गर्दभ जिसमें मां कालरात्रि बैठ कर सवारी करती है तो दूसरा खड्ग जिससे अंधकार के संहार में शक्ति का उपयोग यह विशेषाधिकार केवल कालरात्रि को है। जहां सृजन की क्रियात्मकता गुप्त है। वहीं निशा के सुखद स्वरूप को देखने में सक्षम अधिकारी साधना के द्वार को अपनी भावनाओं से जुड़े विचारों का उपयोग सिद्धि प्राप्त करने के लिए करता है।



## आयुर्वेद औषधालय बालाकोट में चिकित्सा शिविर आयोजित

नवभारत,दमोह.कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 37, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 163 व श्रीराम पब्लिक स्कूल ग्राम बाला कोट, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 38 ग्राम भीलमपुर, आयुर्वेद औषधालय बालाकोट मे आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम व आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 39 ग्राम चौरई में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय बालाकोट द्वारा किया गया।

**अक्रोश** — 9 दिन बाद दूसरे भाई की संदिग्ध मौत, चुनावी रंजिश का आरोप

# हत्या के बाद परिजनों ने लगाया जाम

**नवभारत,पटेरा/दमोह. जिले के पटेरा थाना क्षेत्र के शिकारपुरा गांव में 18 सितंबर को हुई देवेंद्र लोधी की हत्या के 9 दिन बाद शुक्रवार शाम उनके बड़े भाई दशरथ लोधी का शव संदिग्ध अवस्था में खेत में मिला है. जहां दमोह जिला अस्पताल लाने के बाद शनिवार सुबह पोस्टमार्टम करवाई सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह द्वारा की गई.परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शनिवार दोपहर करीब दो बजे दमोह -पटेरा मार्ग बमनपुरा तिराहे पर सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया.**



इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण भी मौजूद रहे.पुलिस और प्रशासन के अधिकारी परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं.घटनाक्रम के अनुसार, 18 सितंबर की सुबह गांव के सरपंच आनंदी लोधी के चचेरे भाई देवेंद्र लोधी की गांव के ही मोती सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस हत्याकांड का एक लाइव वीडियो भी सामने आया था. पुलिस ने आरोपी मोती सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.अब 9 दिन बाद मृतक देवेंद्र के बड़े भाई दशरथ लोधी का शव खेत में मिला.परिवार के सदस्य दशरथ को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.पोस्टमार्टम के बाद शनिवार दोपहर परिवार के लोग शव लेकर गांव पहुंचे और पटेरा हाईवे पर बमनपुरा तिराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया.परिजनों का आरोप है कि देवेंद्र लोधी की हत्या के आरोपी मोती लोधी के बेटों में गनपत, मोहित और उमेश ने दशरथ लोधी की हत्या की है.उनका यह भी आरोप है कि पटेरा पुलिस ने पहले मामले में ठीक से कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण आरोपियों ने उनके दूसरे परिजन की हत्या कर दी.परिजनों की मांग है कि आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए और पटेरा टीआई सरोज सिंह को निलंबित किया जाए.सूचना मिलने पर हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार मानसी अग्रवाल, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा. जो ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं.

**एएसपी पहुंचे, दिया आश्वासन**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के द्वारा दिए आश्वासन में कहा कि जांच उपरांत दंडात्मक पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार किये जाने के बाद ग्रामवासियो ने जाम समाप्त किया.



## मां पार्वती को 51 मीटर की चुनरी अर्पित की गई

**नवभारत,दमोह. बुंदेलखंड के प्रमुख प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ क्षेत्र श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में नवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन सभी बांदकपुर नगर वासियों के सहयोग से किया गया. जिसमें खेर माता मंदिर से सभी ने पूजन कर चुनरी यात्रा आरंभ की. नगर के सभी देवी पंडालों से होते हुए यात्रा श्री जागेश्वर नाथ मंदिर पहुंची.जहां मंदिर ट्रस्ट पुजारी पंडित रामकृपाल पाठक ने आगवानी कर सभी ने भोले बाबा के बाद मां पार्वती जी को 51 मीटर की चुनरी अर्पित की.** यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया. ढोल-बाजे की धुन पर श्रद्धालु भक्तों ने नृत्य किया.

आकर्षक शेर झांकी का भी सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया. बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि हेतु मां की आराधना का यह पर्व है. मां को प्रसन्न करने सभी बांदकपुर नगर, आसपास के वासियों ने ग्राम में चुनरी यात्रा निकाली है.यात्रा में मंदिर पुजारी गण, ग्राम के गणमान्य,नागरिक,माताएं, बहने, बच्चे,श्री जागेश्वर नाथ मंडल शिवभक्त, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल,भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य गण भक्तगण उपस्थित रहे.

## मां बड़ी देवी मंदिर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल



नवभारत,दमोह। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जरारूधाम से मां बड़ी देवी मंदिर पहुंचे, जहां माता रानी की आरती और आराधना कर आशीर्वाद लिया.मंदिर में पुजारी आशीष कटारे द्वारा चुनरी और प्रसाद दिया गया.इस अवसर पर नरेंद्र बजाज, आलोक गोस्वामी, जिला पंचायत के सीईओ जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे,मनोज गुप्ता ईई ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी सीईओ हलधर प्रसाद मिश्रा और भी जन मौजूद



## 190 फुट की चुनरी यात्रा मां हरसिद्धि मंदिर से निकाली

शहर के शंभू सेवा समिति की ओर से 190 फुट की चुनरी यात्रा मां हरसिद्धि मंदिर से निकाली गई, जो पठानी मोहल्ला, गौरी शंकर मंदिर से होते हुए बड़ी देवी की चरणों में अर्पित की.

### गरबा महोत्सव में मंत्री धर्मेन्द्र हुए शामिल

अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज द्वारा गरबा महोत्सव कार्यक्रम में म.प्र. के संस्कृति व पर्यटन विभाग मंत्री धर्मेंद्र सिंह, दमोह जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर कमल सिंह राजू ठाकुर के अलावा और भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए .जहां कार्यक्रम की शानदार गरबा प्रस्तुति देने पर बधाई, शुभकामनाएं दी.



## टाईम्स गरबा उत्सव में दिखा बंगाल और वृन्दावन का दृश्य

**नवभारत,दमोह. टाईम्स गरबा उत्सव के तीसरे दिन संस्कृति व पर्यटन मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी व जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल के द्वारा दीप प्रज्जुवलित कर व देवी माँ का पूजन करके गरबा उत्सव का शुभारंभ किया।**



संस्था की प्राचार्या, लांयस क्लब के सदस्य व गरबा आयोजन की टीम के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर व माता की चुनरी उढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में बंगाली आरती द्वारा माँ की आराधना की गई तत्पश्चात् राधे-राधे की धुन पर सभी ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने सभी को नवरात्रि की शुभकानायें प्रेषित करते हुए कहा कि गरबा पंडाल में ऐसा महसूस हो रहा है कि हम बंगाल के दुर्गा पंडाल में मौजूद है। व राधे राधे की धुन पर ऐसा महसूस हुआ कि हम सभी वृंदावन की गलियों में भक्ति में डूबकर देवी माँ की अराधना कर रहे हैं। दमोह सांसद राहुल सिंह के द्वारा भी सभी को नवरात्रि की शुभकानायें प्रेषित की व सभी छात्र-छात्राओं के साथ युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कहा। इस मौके पर गरबा उत्सव के लांयस क्लब दमोह के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सुधीर असाटी, निशांत चौरसिया, राजीव खत्री, अभिषेक गोयल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, आलोक गोस्वामी, भरत यादव, आलोक मुखारया सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही।

### शिवनगर में चल रहा शानदार गरबा महोत्सव

नवभारत,दमोह. शहर के जबलपुर नाका स्थित शिवनगर में शानदार गरबे का आयोजन किया जा रहा है. बता दें कि यह सिर्फशिव नगर कॉलोनी वासियों के लिए सुविधा की गई है. जिसमें महिलाओं ने सामूहिक रूप से विशाल गरबा का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मालती असाटी, आलोक गोस्वामी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, आलोक चौबे, रिंकू जैन के अलावा और भी कॉलोनी वासी, गरबा नृत्य कर रही महिलाएं के अलावा बच्चे विशेष रूप से मौजूद रहे.





## विधायक ने किया गजानन टेकरी सौंदर्यीकरण हेतु भूमिपूजन

नवभारत,दमोह. पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने शनिवार को संतोषी माता मंदिर, गजानन टेकरी पर सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर में वर्तमान में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं या आगामी समय में प्रस्तावित हैं, वे समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विधायक श्री मलैया ने जानकारी दी कि लगभग 4.5 करोड़ रुपये के कार्य विभिन्न मदों से स्वीकृत हो चुके हैं। भले ही प्रारंभ में कुछ देरी हुई हो, लेकिन अब कार्यों में गति लाकर जल्द ही इनका लोकार्पण सुनिश्चित किया जाएगा।

**मुख्य विकास कार्यों का विवरण**

गजानन टेकरी पर लगभग 30 लाख रुपए की लागत से चेकर, सीडी निर्माण, बेंच व चबूतरा सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। साथ ही बजरिया 05 में 20 लाख रुपए की लागत से पार्क व संत रविदास जी की मूर्ति सौंदर्यीकरण किया जाएगा। धरमधारी बाबा मंदिर में 05 लाख रुपए की लागत से टीन शेड लाइटिंग व अन्य कार्य किए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया ये सभी कार्य मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएम मोनिट) के माध्यम से स्वीकृत हुए हैं इस अवसर पर रमन खत्री, संजय सेन, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, रमाकांत बाजपेई, राजेंद्र चौरसिया, रिंकू गोस्वामी, विशाल शिवहरे, मोंटी रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी मौजूद रहें।

## परिवहन विभाग चला रहा विशेष चेकिंगअभियान

### 96 हजार रूपये की हुई चालानी कार्रवाई

**नवभारत,दमोह. परिवहन आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा को जिले में वाहनों की सघन जांच की जा रही हैं। जांच के दौरान विदाउट फिटनेस एंड ओवरलोड से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया। आवश्यक दस्तावेज़ और सुरक्षा उपकरण अनुपलब्ध पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 52 हजार 5 रूपये की चालानी कार्रवाही की गई।**



जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया जांच के दौरान स्कूल बस, मैजिक, ऑटो से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया। आवश्यक दस्तावेज़ और सुरक्षा उपकरण अनुपलब्ध पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 43 हजार 500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा मोटर-यान अधिनियमो से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह विशेष अभियान आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में निरंतर जारी रहेगा।

### मानस भवन के समीप 26 कार्टून पटाखे जप्त



नवभारत,दमोह. मानस भवन के समीप शनिवार को महावीर ट्रांसपोर्ट दमोह से 26कार्टून पटाखे जप्त किए गए। इस सबंध में तहसीलदार रॉबिन जैन ने बताया कि महावीर ट्रांसपोर्ट दमोह में उक्त सबंध में दस्तावेज मांगने पर बिल प्रस्तुत किया गया जिसमें आरके ट्रेडर्स भोपाल का बिल प्रस्तुत किया जो कि संजय खटीक के नाम का होना पाया गया। इस सबंध में तहसीलदार श्री जैन ने आगे बताया कि उक्त समस्त पटाखे के कार्टून को पुलिस के समक्ष जप्त कर कोतवाली में रखा गया हैं, जहां पुलिस द्वारा आगे कार्रवाही की जा रही हैं।

## शहर में रुके बाहरी लोगों को किया चैक



नवभारत,दमोह.पुलिस अधीक्षक द्वारा दमोह शहर में बाहर से आने वाले मुशाफिरों को चैक करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में दमोह शहर के नूरी नगर, बिलवारी मुहल्ला, कसाई मंडी क्षेत्र में बाहर से आकर मकान मालिक मुस्तकीम पिता नन्नू शेख नि बिलवारी मुहल्ला दमोह, सरबर पिता मुन्ना खान निवासी कसाई मंडी दमोह, मो. सरफराज खान पिता गुल मोहम्मद नि गढ़ी मोहल्ला गुडलक मंजिल नूरीनगर के मकान में रुके करीब 54 मुसाफिरों को चैक किया.उनके दस्तावेज चैक किये गये व निवास स्थान पता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी. जो उ.प्र., पश्चिम बंगाल से आकर शहर में फेरी लगाकर माला, रत्न, चादर, कंबल, कपड़े लाइटिंग सामान बेंचना बताया.जिन्हे बताया गया कि किसी भी आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही रहेगें.शहर में रहते हुए अपना आचरण ठीक रखें व जब शहर छोड़े तो जानकारी थाना पर नोट करायें. बाहर से आने वाले लोगो को अपने घर में ठहराने वाले मकान मालिकों को हिदायत दी गयी कि कोई भी बाहरी व्यक्ति यदि आपके घर में रुकता है. तो उसकी जानकारी तत्काल थाना पर नोट करायेंगे. शहर में बाहर से आय सभी मुसाफिरों के निवास स्थान के पते की जानकारी प्राप्त की गयी है.

**मामला दर्ज** — राशन कार्ड का फर्जी पत्र डाक के रूप ऑपरेटर के कहने पर पहुंचा था जनपद

# राजस्व विभाग बड़ा विभाग है, बड़े अधिकारियों की रहती है पदस्थापना

- आज तक दोषी कर्मचारियों पर दर्ज नहीं हो पाया मामला
- कलेक्टर के निर्देश पर फर्जी राशन कार्ड मामले में दर्ज

नवभारत,तेंदूखेड़ा.फर्जी पत्र मामले में प्रतिदिन नये-नये अपडेट निकलकर सामने आ रहे. पहले जो अधिकारी दो पत्रों को फर्जी बता रहे थे.उनका कहना था कि वह पत्र हमारे कार्यालय से नहीं गये हैं. किंतु अब उनके बयान पूरी तरह झूठे साबित हो रहे हैं. क्योंकि राजस्व विभाग का अधीनस्थ आमला यह पुष्टि कर रहा है कि दस्तावेज आये थे. और उसके बाद पत्र बना फिर जनपद में डाक के माध्यम से जमा भी हुआ है. जनपद में हुई चोरी के बाद फर्जी राशन कार्ड का मामला तुल पकड़े है. जनपद सीईओ कह रहे है कि जो आदेश तहसील से आये है. उनसे बाद ही राशन कार्ड जारी किये गये हैं.जनपद में हुई चोरी के बाद उठे मामले के बाद दो पत्र ऐसे मिले जिनमें 6 राशन कार्ड बनाने के आदेश नायब तहसीलदार कार्यालय से जनपद डाक के माध्यम से पहुंचे. पत्र में नये राशन कार्ड जारी करने के निर्देश लिखे थे और पत्र में नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर ओर शील लगी हुई थी. जिन 6 लोगों के राशन कार्ड जारी होने थे वह सभी लोग तेजगढ़ उप तहसील के अधीन रहने वाले है. आवेदक सुनील रैकवार से मामले में बात की तो उसने बताया राशन कार्ड बनवाने के लिए दस्तावेज कोटवार को दिये थे और कोटवार ने बताया कि उन्होंने दस्तावेज पटवारी को दिये थे और अब वह शासकीय प्यून दिलीप ठाकुर भी इस बात की पुष्टि कर रहा है कि



(फॉलो अप)

तहसील में बन रहे फर्जी राशन कार्ड

कोटवार से लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर हैं लिप्त

नवभारत,तेंदूखेड़ा 26 सितंबर। तहसील कार्यालय में फर्जी राशन कार्ड बनाने का खेल चल रहा है। इसमें कोटवार सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल है। जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा तहसील में ऐसे कई कर्मचारी है जो थोड़े बहुत खर्च पर अधिकारियो के समीप बैठ जाते हैं और बाद में ऐसे काम कर देते है जिसका जवाब अधिकारियो को देना मुश्किल हो जाता है. ऐसा ही मामला उस समय सुर्खियों में आया जब दो आदेश सामने आये और फर्जी साबित हुये। मामला मीडिया में आने के बाद कई लोगों ने बताया कि राजस्व विभाग और तेंदूखेड़ा तहसील में जो न हो वह कम है. यहां कुछ भी हो सकता है, क्योंकि कोटवार से लेकर कुछ पटवारी और कम्प्यूटर आपरेटर अधिकारियों की सहानुभूति पाकर उनके हस्ताक्षर और सील कही भी लगा देते हैं. एक व्यक्ति ने इसकी पुष्टि भी की है.

आवेदक ने कहा- कोटवार को दिए थे 5 हजार

उसने बताया कि राशन कार्ड बनाने के लिए कोटवार से संपर्क किया था. कोटवार ने राशन कार्ड बनाने के लिए पांच हजार रुपये भी लिए थे, लेकिन अभी तक उसका राशन कार्ड नहीं बना है. जब कोटवार से बात की गई तो बताया उसने दस्तावेज पटवारी को दे दिये थे. अभी राशन कार्ड नहीं बना है. यह मामला तेजगढ़ उपतहसील अंतर्गत ग्राम बांसापुरा का है। जानकारों ने बताया कुछ मामलों की नायब तहसीलदार को जानकारी है. बाकी उनके कार्यलय में जो प्राइवेट लोग लगे है वह ऐसे कार्यों को करने में निपुण है.

नायब तहसीलदार के प्राइवेट ऑपरेटर के कहने पर वह डाक लेकर जनपद गया था. इससे मामला पूरी तरह साफहो गया है कि पूरा फर्जी आदेशों का मामला तहसील से ही चल रहा था.

**हर बार बच जाता है राजस्व विभाग**

तेंदूखेड़ा ब्लाक में जब भी कोई बड़ा फर्जीवाड़ा का मामला होता है उसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी लिप्त होता है.मगर उनपर कार्यवाही नहीं हो पाती कुछ वर्ष पूर्व सैलवाडा से बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, उस मामले में भी पटवारी पूरी तरह लिप्त था. तत्कालीन एसडीएम ने पटवारी को दोषी मानते हुये कलेक्टर के निर्देश पर निलंबित किया था. किंतु मामले में आरोपी नहीं बनाया गया था. जबकि उनके साथ जो शिक्षक थे वह निलंबित हुये थे मामला दर्ज हुआ था जेल गये थे.फर्जी आदेश आने के बाद एक बार पुन: राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है.नायब तहसी लदार के ऑपरेटर लापता होना कोटवार का बयान यह सब यह सिद्ध कर रहे है कि पूरा खेल तहसील से खेला जा रहा था. किंतु सबसे बड़ा विभाग होने के साथ बड़े- बड़े अधिकारियों की इस विभाग में पदस्थ है.जो ब्लॉक के सभी विभागों की निगरानी करते है. इसलिए मामले में लिप्त होने के बाद भी इस विभाग के कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं हो पाती.

### कलेक्टर के निर्देश पर हुई एफआईआर

जनपद में हुई चोरी और उसके बाद जो दो फर्जी पत्र सामने आये उसके बाद पूरा मामला दूध की तरह साफहो गया. फर्जी राशन कार्ड के लिए जारी आदेश की समझ आम व्यक्ति से लेकर अधिकारियों को भी आ गई. इसलिए दमोह कलेक्टर ने फर्जी राशन कार्ड वाले मामले में भी एफआईआर करने के आदेश जारी किये और आवेदक जनपद सीईओ मनीष बागरी को बनाया गया. मनीष बागरी की शिकायत पर तेंदूखेड़ा पुलिस ने एक व्यक्ति पर नाम दर्ज और अन्य के खिलाफअज्ञात में मामला दर्ज कर लिया हैं. पूरे मामले में तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है जितने भी राशन कार्ड जारी हुऐ है वह सभी तहसीलदार या नायब तहसीलदार के जारी आदेश के बाद बनाये गये हैं.

### डाक में आया था पत्र

जनपद में आवक-जाबक का कार्य मनोज ठाकुर देखा है. उन्होंने बताया जो तहसील में शासकीय कर्मचारी दिलीप ठाकुर है .वह एक डाक लेकर जनपद आये थे. अधिकाश डाक में वहीं लेकर आते थे. मैने उनसे डाक ली थी और उनको पावती दी थी. बाद में उस पावती के अंदर जो दो पत्र है .वह फर्जी निकलने है यह मुझे जानकारी मिली है,किंतु में दिलीप को जनता हूं क्योंकि मेरी और दिलीप की पदस्थापना कई वर्षों से तेंदूखेड़ा में है.

**इनका कहना है...**

तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन का कहना है दो मामले थाने में दर्ज हुए हैं .एक चोरी का हैं दूसरा फर्जी राशन कार्ड से जुड़ा हुआ है.